MSIL: COS: NSE & BSE: 2019/Adv/01

29th July, 2019

Vice President
National Stock Exchange of India Limited
"Exchange Plaza", Bandra – Kurla Complex
Bandra (E)
Mumbai – 400 051

General Manager
Department of Corporate Services
BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street, Mumbai – 400 001

**Sub: Copy of published results**

Dear Sir,

Please find attached herewith the copy of financial results for the quarter ended 30th June, 2019 as published in requisite newspaper as per the requirement of regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

Kindly take the same on record.

Thanking you,
Yours truly,

For **Maruti Suzuki India Limited**

Sanjeev Grover
Vice President &
Company Secretary

Encl.: As above

# नोटबंदी के बाद घरेलू लॉकर और तिजोरियों की मांग बढ़ी

हिन्दुस्तान नेटवर्क

अलीगढ़ | राकेश तिवारी

नोटबंदी के बाद अलीगढ़ में घरेलू लॉकर व तिजोरी बनाने वाली कंपनियों की बिक्री में तीन गुना तक वृद्धि हो गई है। बैंकों के स्थान पर महिलाएं घर के ही लॉकर में गहने आदि रखवाना ज्यादा पसंद कर रही है। अलीगढ़ की कंपनियों को कई राज्यों से आर्डर मिलते हैं।

बैंकों में लॉकर की तर्ज पर अलीगढ़ में छोटी और घरेलू तिजोरियां बनाई जाती हैं। लगभग ढाई साल पहले देश में नोटबंदी के बाद घर में इस्तेमाल होने वाली छोटी तिजोरियां काफी पसंद की जा रही है। इसमें सबसे खास बात यह है कि दीवारों में फिट होने वाली तिजोरियां की मांग सबसे ज्यादा बढ़ी है। वजन में काफी भारी होने वाली इन छोटी तिजोरी दीवार में फिट होने के बाद दिखती नहीं है।

**लॉकर में आभूषण सुरक्षित :** महिलाएं अपनी ज्वैलरी व जरूरी दस्तावेज को सुरक्षित करने के लिए घरेलू लॉकर लगवा रहीं हैं। अलीगढ़ की गुजरानवाला कंपनी 15 एमएम से लेकर 20 एमएम तक की मजबूती वाले घरेलू लॉकर तैयार कर रही है। कुछ महिलाएं डिजिटल लॉकर भी पसंद कर रही हैं। डिजिटल लॉकर कोड से ही खुलता है। घरेलू लॉकर 40 से 60 किलो का होता है। इस लॉकर की कीमत 10 से 25 हजार रुपये के बीच है। लॉकर की कीमत डिजायन, गहराई, चौड़ाई पर भी निर्भर होती है। फायर व आर्म्ड प्रूफ लॉकर भी लोग तैयार करा रहे हैं। जैसी सुविधा होती है उसी के अनुसार दाम बढ़ जाते हैं।

**कई राज्यों में सप्लाई :** यूपी, उत्तराखंड, पंजाब, पठानकोट, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों में सप्लाई होती है। कंपनियों व बैंकों के ऑर्डर पर कंपनी आपूर्ति करती है। बैंकों की तमाम शर्तों व सालाना लगने वाले शुल्क के कारण लोग अब घरेलू तिजोरियों की ओर रुख कर रहे हैं। बैंक केवल एक साल के लिए लॉकर देते हैं। एक साल बाद ग्राहक को दोबारा आवेदन करना पड़ता है।



40 से 60 किलो के बीच होता है वजन

10 से 25 हजार के बीच लाकर की कीमत

### नगदी-आभूषण सुरक्षित

- घर में आभूषण और नगदी रखने के काम आती हैं छोटी तिजोरियां
- बैंकों की तरह घर में लगाने के लिए अलीगढ़ में तैयार हो रहे लॉकर

कंपनी ग्राहकों के आर्डर पर घरेलू लॉकर तैयार करती है। पिछले दो सालों में घरेलू लॉकर की डिमांड तीन गुना बढ़ी है। महिलाएं ज्वैलरी व अन्य दस्तावेज सुरक्षित रखने के लिए आर्डर देती हैं। लॉकर की चाभी सामान्य ताले से अलग है, जिसको केवल ऑपरेट करने वाला व्यक्ति ही खोल सकता है।
**– हर्षा अरोरा,** डायरेक्टर गुजरानवाला वर्क्स, अलीगढ़

### बैंकों में नियम

- सरकारी बैंकों में एक से आठ हजार तक शुल्क
- निजी बैंकों में तीन से 20 हजार तक शुल्क
- एक माह में दो बार खोल सकता है ग्राहक
- इमरजेंसी में लॉकर तोड़ने पर चुकाना होता है अतिरिक्त शुल्क
- बैंक मैनेजर व ग्राहक के पास होती हैं एक-एक चाभी
- दोनों चाभियों के लगने के बाद खुलता है बैंक का लॉकर
- बिना एकाउंट के लोगों को नहीं मिल पाती लॉकर की सुविधा
- बैंक मैनेजर की अनुपस्थिति में नहीं देख सकते लॉकर

सोशल मीडिया से

## कारगिल दिवस के मेन्यू में रहा प्रोटीन पुलाव और दाल



**श्रीनगर।** सेलीब्रिटी शेफ संजीव कपूर कारगिल दिवस की 20वीं वर्षगांठ पर जम्मू एवं कश्मीर के कारगिल जिले के द्रास सेक्टर में आयोजित विशेष कार्यक्रम के खानसामा रहे। कार्यक्रम बत्रा ट्रांजिट कैंप में रखा गया। यह जगह समुद्रतल से करीब 11600 फुट ऊपर है। संजीव कपूर ने इस खास कार्यक्रम पर एक खास मेन्यू तैयार किया था। जिसे उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर भी साझा किया है। जिसकी लोग तारीफ कर रहे हैं। मेन्यू में खड़े मसाले का कुक्कड़, मखमली पनीर अनारदाना, हींग हरे धनिया के आलू, लल्ला मुस्सा दाल, प्रोटीन पुलाव, पालक पूड़ी एवं मसाला पूड़ी शामिल था।

### सीआरपीएफ की वर्दी पहनकर करता था ठगी, मुठभेड़ में बदमाश घायल

# शहीद परिवारों को ठगने वाला धरा

कामयाबी

हापुड़ | हमारे संवाददाता

शहीदों के परिवारों से लाखों की ठगी करने वाला शुक्रवार को हापुड़ पुलिस से मुठभेड़ के बाद धरा गया। बदमाश सीआरपीएफ के दरोगा की वर्दी पहने था, जिसके पास से सीआरपीएफ का आईकार्ड और कुछ अन्य दस्तावेज बरामद हुए।

कोतवाली प्रभारी महावीर सिंह चौहान और स्वाट टीम प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शुक्रवार को चेकिंग कर रहे थे। एक बाइक पर उन्हें सीआरपीएफ की वर्दी पहने युवक आता दिखा, जिसे उन्होंने रुकने का इशारा किया लेकिन वह बाइक तेजी से निकाल ले गया। पुलिस ने बाइक का पीछा किया, जिसपर बाइक सवार टीपी नगर चौकी से पहले रास्ते पर मुड़ गया। जहां रेलवे लाइन के बराबर से कस्तला को जाने वाले कच्चे रास्ते पानी भरा होने के कारण बाइक फिसलने लगी।

उधर, पुलिस की गाड़ी भी कच्चे रास्ते में धंस गई। इसी बीच बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। वहीं, पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें पीछे बैठे वर्दीधारी बदमाश के पैर में गोली लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और बाइक गिर गई। बदमाश का साथी भागने लगा लेकिन पुलिस को पकड़ लिया। घायल बदमाश को पुलिस ने नगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया। इसके अलावा मुठभेड़ में स्वाट टीम में तैनात सिपाही सोनू भी गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसका नगर के सीएचसी पर उपचार चल रहा है। पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम हरेंद्र पुत्र बच्चू सिंह निवासी ब्योनी आचरु लाधोरा राया जनपद मथुरा बताया, जबकि दूसरे ने अपना नाम विष्णु उर्फ छोटू पुत्र मुन्नालाल निवासी राधापुरम कालोनी थाना हाइवे जनपद मथुरा बताया। पुलिस ने बताया कि बदमाश ने सीआरपीएफ एक सितारा लगी वर्दी पहन रखी थी, जिसपर लगी नेम प्लेट पर मिश्रीलाल नाम लिखा था।

### शहीद की मां से की थी सात लाख की ठगी

पुलिस ने बताया कि बदमाशों ने 6 जून 2019 को नगर के मिथलेश विहार निवासी सीआरपीएफ के शहीद जवान शोभित शर्मा की मां रतनेश शर्मा से सात लाख रुपये की ठगी की थी। बदमाश हरेंद्र सीआरपीएफ के दरोगा की यही वर्दी पहनकर शहीद शोभित के घर पहुंचा था और 20 लाख रुपये उनके खाते में आने की बात कहकर 7 लाख रुपये की ठगी कर ली थी।

### शहीद हेमराज के परिजनों को भी चूना लगाया

बदमाश पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और झारखंड में शहीदों के परिजनों से ठगी कर चुके हैं। मथुरा में शहीद हुए हेमराज के परिजनों से भी हरेंद्र ने 10 लाख रुपये की ठगी की थी, जिसमें उसे 6 वर्ष की सजा हो चुकी है। हरेंद्र के साथी विष्णु निवासी मथुरा पर वृंदावन में चार करोड़ की डकैती का आरोप है, जो जेल से छुटकर आया था।

### शहीद जितेंद्र के घर जा रहे थे वारदात को अंजाम देने

एएसपी सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को बदमाश धौलाना के शहीद हुए सैनिक जितेंद्र राणा के परिजनों से ठगी करने जा रहे थे। उससे पहले ही पुलिस ने बदमाशों को मुठभेड़ में पकड़ लिया। एएसपी ने बताया कि आरोपी ने कई प्रदेशों में लाखों की ठगी कर चुका है। ठगी की इस रकम से उन्होंने नोएडा में करोड़ो की संपत्ति खरीदी है।

### नेट से निकालता था सूची

मथुरा निवासी हरेन्द्र शुरू से ही करोड़पति बनने की चाह रखता है। उसने राजस्थान में शहीद हुए एमएल मीणा का सीआरपीएफ का असली आईकार्ड चोरी कर लिया था। उसी कार्ड को उसने अपना हथियार बना लिया। जिसके बाद उसने सीआरपीएफ की एक वर्दी भी खरीद ली। एक स्टार लगाकर वर्दी पहनने के बाद वह सीआरपीएफ का जवान एमएल मीणा बन जाता था। कोतवाली प्रभारी महावीर चौहान ने बताया कि पकड़े गए बदमाश हरेंद्र नेट से शहीदों की सूची निकालकर पूरी जानकारी कर लेता था।

### फर्जी दस्तावेज बरामद

पुलिस ने बदमाशों के पास से दो तमंचे, पांच जिंदा कारतूस, दो खोखे, एक बाइक और एक आईकार्ड जो कि मिश्रीलाल के नाम से बना है। इसके अलावा 2 मोबाइल फोन और 4700 रुपये की नगदी बरामद की। इतना ही नहीं बदमाशों के पास से भारत सरकार के फर्जी दस्तावेज भी बरामद हुए हैं, जिनका झांसा देकर वे लोग ठगी करते थे। पुलिस फिलहाल सीआरपीएफ आईकार्ड जो मिश्री लाल मीणा के नाम से बना है, उसकी जांच में जुट गई है।

## दो बच्चों की मौत मामले में आसाराम को क्लीन चिट

राहत

गांधीनगर | एजेंसियां



न्यायमूर्ति डीके त्रिवेदी आयोग ने कथावाचक आसाराम और उसके बेटे नारायण साई को उनके द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाले दो बच्चों की मौत के मामले में क्लीन चिट दे दी है। जुलाई 2008 में हुई इस घटना की जांच आयोग को सौंपी गई थी।

न्यायमूर्ति डीके त्रिवेदी आयोग आयोग द्वारा 2013 में राज्य सरकार को सौंपी गई रिपोर्ट शुक्रवार को गुजरात विधानसभा में पेश की गई। आयोग ने हालांकि कहा कि आवासीय स्कूल से दो बच्चों का लापता होना प्रबंधन की लापरवाही को दर्शाता है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। आसाराम के गुरुकुल में पढ़ने वाले दो भाइयों दीपेश वाघेला (10) और अभिषेक वाघेला (11) के शव पांच जुलाई 2008 को साबरमती नदी के किनारे मिले थे।

दोनों बच्चे इससे दो दिन पहले स्कूल के हॉस्टल से लापता हो गए थे। आसाराम के 'आश्रम' में बना स्कूल और हॉस्टल नदी किनारे स्थित है। आयोग ने कहा कि चिकित्सा साक्ष्य निर्णायक हैं और इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि उनकी मौत डूबने से हुई। रिपोर्ट में कहा गया है, इस बात के कोई सबूत नहीं मिले कि आसाराम जी और उनके पुत्र नारायण साई आश्रम में तांत्रिक विधि किया करते थे। इस मामले में दिसंबर 2012 में कई बार पेशी से बचने के बाद आसाराम न्यायमूर्ति डीके त्रिवेदी आयोग के समक्ष पेश हुआ था।

उसने खुद पर लगे आरोपों को अपने आश्रम और हिंदू धर्म को बदनाम करने की साजिश करार दिया।आसाराम फिलहाल यौन उत्पीड़न के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। वह यौन उत्पीड़न के एक अन्य मामले में भी मुकदमे का सामना कर रहा है। सूरत की एक अदालत ने उसके पुत्र नारायण साईं को बलात्कार के एक मामले में दोषी ठहराया था और वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा है।

## हवाईअड्डे पर बैगेज जांच मशीन में घुसा मासूम

**वाशिंटन।** अमेरिका के हार्ट्सफील्ड-जैक्सन अटलांटा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से दो साल के बच्चे की रोंगटे खड़े कर देने वाली सीसीटीवी फुटेज सामने आई है। फुटेज में लॉरेंजो नामक बच्चा हवाईअड्डे पर सामान जांचने वाली मशीन बैगेज कन्वेयर बेल्ट ( लगातार चलती रहने वाली बेल्ट) पर चढ़ता दिख रहा है। वह यात्री सामान के साथ मशीन में अंदर घुसता चला जाता है। डर लगने पर वह सरककर बेल्ट से उतरने की कोशिश भी करता है, लेकिन पीछे-पीछे आते सूटकेस एवं बैग उसका रास्ता रोक देते हैं। बच्चा जांच के कई चरणों से आगे गुजरता जाता है। आखिर में अधिकारियों की नजर उस पर पड़ती है, जो दौड़कर उसे गोद में उठाकर बेल्ट से उतारते हैं। बच्चे की मां घटना के वक्त वहीं मौजूद थीं, लेकिन बच्चा मौका पाकर बेल्ट पर चढ़ गया। घटना का वीडियो अब वायरल हो रहा है।

## बीआरओ ने मुआवजा राशि बढ़ाई

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के साथ कार्य करने वाले अस्थायी श्रमिकों के मुआवजे की राशि में इजाफा किया है। दरअसल, दुर्गम स्थानों पर सड़क निर्माण के दौरान कई बार श्रमिकों की हादसे में मौत हो जाती है या या दिव्यांगता के शिकार हो जाते हैं। ऐसी स्थितियों में उन्हें मुआवजे की रकम कम मिल पाती थी।

रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि हाल में इसमें बढ़ोत्तरी का फैसला लिया गया है ताकि श्रमिकों की उपलब्धता में कोई कमी नहीं हो। दरअसल, इसके चलते कई बार श्रमिकों की भी कमी पड़ जाती है। बीआरओ के साथ कार्य करने के दौरान अस्थायी श्रमिक की मृत्यु होने पर परिजनों को पांच लाख रुपये देने का प्रावधान किया गया है।

## डिग्रियों का सत्यापन ऑनलाइन करें

**नई दिल्ली।** बीएड और एमएड समेत शिक्षक शिक्षण से जुड़ी पांच डिग्रियों का सत्यापन अब ऑनलाइन हो सकेगा। छात्रों को इसके लिए राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के कार्यालयों के चक्कर काटने नहीं पड़ेंगे। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने शुक्रवार को एनसीटीई की नई इमारत का उद्घाटन करने के बाद यह जानकारी दी। निशंक मेट्रो में सफर कर द्वारका स्थिति एनसीटीई के नये मुख्यालय पहुंचे थे।

मंत्री ने कहा कि विद्यार्थी अब अपने डिग्री सत्यापन प्रमाणपत्र ऑनलाइन ले पाएंगे। एनसीटीई ने इस मकसद से एक पोर्टल शुरू किया है। एनसीटीई द्वारा तैयार यह प्लेटफॉर्म शिक्षकों के पंजीकरण तथा स्कूली शिक्षकों के रूप में नौकरी चाहने वालों के जरूरी दस्तावेजों के सत्यापन में मदद करेगा। **(वि.सं.)**

# एआई तकनीक से कैंसर का इलाज

अच्छी खबर

नई दिल्ली | स्कन्द विवेक धर

स्वास्थ्य मंत्रालय देश में तेजी से बढ़ रहे कैंसर की रोकथाम और कारगर इलाज के लिए अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित सॉफ्टवेयर का सहारा लेने की योजना बना रहा है। इसके लिए कैंसर पर एआई आधारित सिस्टम बनाने वाली कंपनियों को प्रेजेंटेशन के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के एक आला अधिकारी ने 'हिन्दुस्तान' से बातचीत में कहा कि देश में कैंसर विशेषज्ञों की कमी है। साथ ही डॉक्टरों के ज्ञान की एक सीमा है। रोज नए अध्ययन और केस स्टडी सामने आ रहे हैं, हर डॉक्टर के पास सभी प्रकार के कैंसर और उसके इलाज से जुड़ा पूरा ज्ञान होना संभव नहीं है। कई बार कैंसर के मामलों को समझने में गलती या सही इलाज न मिलने से मरीज की हालत बिगड़ जाती है। इसलिए कैंसर के इलाज में डॉक्टर की मदद के लिए मंत्रालय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सॉफ्टवेयर की मदद लेने की तैयारी कर रहा है।

### यहां होता है इस्तेमाल

अमेरिका, कनाडा समेत कई देशों में इलाज के लिए डॉक्टर वाटसन की मदद ली जाती है। अपोलो और मणिपाल समेत कुछ बड़े निजी अस्पताल पहले से इसकी सेवाएं ले रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि हम कुछ और सिस्टम देखेंगे और किसी एक सिस्टम को फाइनल किया जाएगा।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में तकनीकी का इस्तेमाल एक अच्छी पहल है। इससे डॉक्टरों की निर्णय लेने की क्षमता बढ़ेगी। हालांकि, इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि जिन्हें इसका इस्तेमाल करना है वे इसे लेकर कितने सजह हैं।
**– डॉ. सुनील खेत्रपाल,** सीओओ एंड एमएस, राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट

### ऐसे काम करता है डॉक्टर वॉटसन

अधिकारी ने कहा कि यह सॉफ्टवेयर मरीज की रिपोर्ट के आधार पर उचित इलाज बताने में मदद करता है। जैसे-जैसे इसमें मरीजों का डाटा जुड़ता जाता है यह और बेहतर होता जाता है। यह एक प्रकार से डॉक्टर का ऐसा सहायक होता है, जिसके पास कैंसर से जुड़ी दुनिया जहान की जानकारी होती है। डॉक्टर इससे सवाल भी कर सकते हैं, यह उनका जवाब दे सकता है।

## बनबसा में फर्जी आईडी के साथ चार विदेशी गिरफ्तार

**बनबसा।** अवैध रूप से नेपाल में घुसने की फिराक में चार संदिग्ध भारत-नेपाल सीमा पर बनबसा में धरे गए हैं। बोलचाल के हिसाब से वह प्रथम दृष्टया चीनी मूल के लग रहे हैं। उनके पास से दिल्ली में बनवाई गई वोटर आईडी और अन्य भारतीय दस्तावेज बरामद होने से खुफिया एजेंसियां चौकन्नी हो गई हैं।

शुक्रवार शाम बनबसा में नेपाल से आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग चल रही थी। इसी दौरान भारत से नेपाल में जा रही मैत्री बस सेवा की चेकिंग में सुरक्षा एजेंसियों को चार संदिध बस में बैठे दिखाई दिए। आपस में अंग्रेजी में संवाद कर रहे ये चारों खुद को भारतीय बता रहे थे। उनकी बोलचाल की भाषा के आधार पर शक होने पर सुरक्षा एजेंसियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से दिल्ली से जारी भारतीय पहचान पत्र और अन्य दस्तावेज बरामद हुए। उनके पास पासपोर्ट और वीजा नहीं था। इस पर उन्हें पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। चारों संदिग्धों के पास दिल्ली से जारी वोटर आईडी और कुछ अन्य पहचान पत्र बरामद हुए हैं। यदि ये चारों विदेशी हैं तो उन्होंने दिल्ली से वोटर आईडी कैसे बनवा ली। ये लोग कब से भारत में रह रहे हैं। इन लोगों का मकसद क्या है। **(ह.सं.)**




## लंबी दूरी के बस चालकों का नशा परीक्षण कराया जाएगा

लखनऊ | विशेष संवाददाता

सड़क हादसे रोकने के लिए प्रदेश सरकार ने नई पहल की है। अब लंबी दूरी के बस चालकों का 'ब्रेथ एनालाइजर' (खून में एल्कोहल की मात्रा बताने वाला उपकरण) परीक्षण होगा। यह परीक्षण टोल प्लाजा व पेट्रोल पंप पर किया जाएगा।

यूपी विधानसभा में संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यमुना एक्सप्रेस-वे दुर्घटना की जांच समिति इस सिफारिश को सरकार ने मंजूर कर लिया है। उन्होंने यमुना एक्सप्रेस-वे पर 08 जुलाई को सड़क हादसे की चर्चा करते हुए कहा कि दुर्घटनाग्रस्त बस का ड्राइवर उस वक्त किस हालत में था, यह सही नहीं बताया जा सकता। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी मृत्यु का कारण डूबना बताया गया है।

जहां तक नियम की बात है कि ड्राइवर की ड्यूटी नियमों के मुताबिक थी और वह तीन दिन की छुट्टी के बाद ड्यूटी पर आया था। वह उस रूट पर पहले भी तीन चार बार जा चुका था। वह उस रात 11 बजे बस लेकर गया था। कोई नहीं कह सकता है कि दुघर्टना नींद की वजह से हुई या नहीं। हो सकता है कि कोई शारीरिक दिक्कत रही हो।

## अक्षरधाम हमले का मुख्य षड्यंत्रकर्ता गिरफ्तार

गांधीनगर | एजेंसी

गुजरात के अक्षरधाम मंदिर पर 2002 में हुए हमले के कथित मुख्य षड्यंत्रकर्ता मोहम्मद यासीन भट को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि उसे गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग से गिरफ्तार किया है।

गुजरात गृह विभाग ने एक विज्ञप्ति में कहा कि उसे एक गुप्त सूचना के आधार पर पकड़ा गया कि वह जम्मू-कश्मीर लौट आया है। वह अनंतनाग में लकड़ी की फैक्टरी में काम कर रहा था। विज्ञप्ति में बताया गया कि स्थानीय पुलिस की मदद से गिरफ्तारी की गई।

साथ ही बताया गया कि वहां की अदालत से ट्रांजिट रिमांड की इजाजत मिलने के बाद एटीएस शुक्रवार की शाम भट के साथ अहमदाबाद हवाईअड्डे पहुंची। एटीएस के मुताबिक, मंदिर पर हमला करने का षड्यंत्र रचने में भट ने अहम भूमिका निभाई थी और दूसरे आरोपी को एके-47 राइफल समेत अन्य हथियार एवं गोला-बारूद उपलब्ध कराए थे।

MARUTI SUZUKI

**MARUTI SUZUKI INDIA LIMITED**

Registered Office: Plot No.1, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj, New Delhi - 110070

CIN: L34103DL1981PLC011375; Website: www.marutisuzuki.com; E-mail: investor@maruti.co.in; Phone: + 91-11-46781000; Fax: +91-11-46150275/76

INR in million, except per share data

Extract of standalone and consolidated financial results of Maruti Suzuki India Limited for the quarter ended 30th June, 2019

| Sl. No. | Particulars | Standalone | | | | Consolidated | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended | | | Year ended | Quarter ended | | | Year ended |
| | | 30th June, 2019 | 31st March, 2019 | 30th June, 2018 | 31st March, 2019 | 30th June, 2019 | 31st March, 2019 | 30th June, 2018 | 31st March, 2019 |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| 1 | Total Income from Operations | 197,198 | 214,594 | 224,594 | 860,203 | 197,326 | 214,732 | 224,708 | 860,685 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary Items) | 19,109 | 23,121 | 28,824 | 104,656 | 18,530 | 23,538 | 29,224 | 106,238 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, after Exceptional and / or Extraordinary Items) | 19,109 | 23,121 | 28,824 | 104,656 | 18,530 | 23,538 | 29,224 | 106,238 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after Tax (after Exceptional and / or Extraordinary Items) | 14,355 | 17,956 | 19,753 | 75,006 | 13,768 | 18,300 | 20,151 | 76,506 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 12,661 | 18,328 | 19,606 | 72,976 | 12,074 | 18,671 | 20,004 | 74,476 |
| 6 | Equity Share Capital | 1,510 | 1,510 | 1,510 | 1,510 | 1,510 | 1,510 | 1,510 | 1,510 |
| 7 | Earnings Per Share (of INR 5 each) (for continuing and discontinued operations) | | | | | | | | |
| | (a) Basic | 47.52 | 59.44 | 65.39 | 248.30 | 45.58 | 60.58 | 66.71 | 253.26 |
| | (b) Diluted | 47.52 | 59.44 | 65.39 | 248.30 | 45.58 | 60.58 | 66.71 | 253.26 |

Note: The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results for the quarter ended 30th June 2019 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of standalone and consolidated financial results for the quarter ended 30th June 2019 are available on the websites of BSE and NSE at www.bseindia.com and www.nseindia.com and on Company's website at www.marutisuzuki.com.

For and on behalf of Board of Directors

New Delhi
26th July, 2019

(Kenichi Ayukawa)
Managing Director & CEO

## MANJEERA CONSTRUCTIONS LTD

#711, Manjeera Trinity Corporate, JNTU-Hitech City Road, Kukatpally, Hyderabad-500072.
CIN: L45200AP1987PLC007228, website: www.manjeera.com

**NOTICE**

Notice is hereby given pursuant to Regulation 47(1) read with Regulation 29 of SEBI (LODR) Regulations 2015, that the Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Saturday, the 3rd day of August, 2019 at the Registered Office of the Company at #711, Manjeera Trinity Corporate, JNTU-Hitech City Road, Kukatpally, Hyderabad-500072, inter alia to consider and approve the Un-audited Financial Results of the Company for the Quarter ended 30th June, 2019.

This intimation is also available on the website of the Company at www.manjeera.com and the website of the Stock Exchange at www.bseindia.com.

By order of the board
**For Manjeera Constructions Ltd.**
**Sd/-**
**Sucharitra Sahoo**
**Company Secretary**

Date: **26.07.2019**
Place: **Hyderabad**

## A. K. CAPITAL SERVICES LTD.

BUILDING BONDS

**Regd. Office:** 30-38, 3rd Floor, Free Press House, Free Press Journal Marg, 215, Nariman Point, Mumbai - 400021.
**CIN:** L74899MH1993PLC274881 | **Website:** www.akgroup.co.in
**Tel:** +91-22-67546500 | **Fax:** +91-22-66100594 | **E-mail:** compliance@akgroup.co.in

**NOTICE**

In pursuance of the Regulation 29 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, notice is hereby given that a Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Saturday, August 3, 2019 at 135, Free Press House, 13th Floor, Free Press Journal Marg, 215, Nariman Point, Mumbai - 400021, inter alia, to consider, approve and take on record the un-audited standalone and consolidated financial results of the Company for the quarter ended June 30, 2019.

The said notice is also available on www.bseindia.com and www.akgroup.co.in.

**For A. K. Capital Services Limited**
**Sd/-**
**A. K. Mittal**
**Managing Director**
**(DIN: 00698377)**

Date: July 26, 2019
Place: Mumbai

## GIC HOUSING FINANCE LTD.

**CIN: L65922MH1989PLC054583**
**Reg. Off.:** National Insurance Building, 6th Floor, 14, Jamshedji Tata Road, Churchgate, Mumbai 400020 **Email:** investors@gichf.com, corporate@gichf.com/
**Tel.**:2285 1765 (5 lines) **Fax**-022 2288 4985 / 22880173

**NOTICE**

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29 read with regulation 47 of SEBI (LODR) Regulations 2015, Originally Unaudited Financial Results for the First quarter ended 30th June, 2019 was scheduled to be considered and taken on record in the Board Meeting scheduled to be held on Friday, 26th July, 2019. Now it is informed that Unaudited Financial Results for the First Quarter ended 30th June, 2019 will be considered and taken on record in the Board Meeting scheduled to be held on Tuesday, 13th August, 2019.

The Board Meeting Notice is available on the website of the Company **www.gichfindia.com** and on the website of the Stock Exchanges also i.e. **www.nseindia.com** and **www.bseindia.com**.

For **GIC Housing Finance Ltd.**
Sd/-
**S. Sridharan**
**Sr. Vice President & Company Secretary**

Place : Mumbai
Date : 25.07.2019

## Gujarat Informatics Limited

GIL Enabling e-Governance
Block No. 2, 2nd Floor, C & D Wing, Karmayogi Bhavan, Sector-10A, Gandhinagar.
Phone:079-23256022, Fax:079-23238925 Website : http://gil.gujarat.gov.in

**NOTICE FOR INVITING BID**

GIL invites

1. Physical bid for Annual Maintenance Contract of Computer hardware and related peripherals of RAJBHAVAN and General Administration Department (GAD) of Government of Gujarat.
2. Online Bid for Selection of Agency for providing Comprehensive Annual Maintenance Contract of Servers, Storage and other peripherals for Cyber Treasury Portal on behalf of Directorate of Account & Treasury, Gandhinagar.
3. Online Bid for Selection of Agency for providing Comprehensive Annual Maintenance Contract (AMC) of UPS and associated peripherals Installed at Swarnim Sankul-1, New Sachivalaya, Gandhinagar.

Interested parties may visit **http://www.gil.gujarat.gov.in** for eligibility criteria & more details about the bids.

**- Managing Director**

## Triveni Turbine Limited

Corporate Indentity Number : L29110UP1995PLC041834
Regd. office :A-44, Hosiery Complex, Phase-II Extn.,Noida, Uttar Pradesh - 201 305
Corporate office : 8th Floor, Express Trade Towers,15-16, Sector – 16A, Noida, Uttar Pradesh - 201301
E-mail :shares.ttl@trivenigroup.com, Website : www.triveniturbines.com,
Phone : 91 120 4308000 / Fax : 91 120 4311010-11

**NOTICE**

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015, a meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Saturday, the 3rd August, 2019 to consider and take on record the Un-audited financial results of the Company for the 1st quarter (Q1 FY 20) ended 30th June , 2019.

In terms of the Code of Conduct to Regulate, Monitor and Report Trading in Securities of the Company, the Trading Window for dealing in equity shares of the Company is closed from 1st July, 2019 till 48 hours after the announcement of the un-audited financial results for Q1 FY 20.

The intimation of the Board meeting is also available on the Company's web site www.triveniturbines.com and also on the website of BSE Ltd (www.bseindia.com) and The National Stock Exchange of India Ltd (www.nseindia.com).

**For Triveni Turbine Ltd.**
Sd/-
**Rajiv Sawhney**
**Company Secretary**

Place: Noida (U.P.)
Date : July 26th , 2019

## Balmer Lawrie & Co. Ltd.

(A Government of India Enterprise)
Regd. Office: 21, Netaji Subhas Road, Kolkata 700 001
CIN: L15492WB1924GOI004835
Phone: 033-2222-5313
E-mail: bhavsar.k@balmerlawrie.com, Website: www.balmerlawrie.com

**NOTICE**

Notice is hereby given pursuant to Regulation 29 and Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Tuesday, 13thAugust, 2019, inter-alia, to consider and approve the Unaudited Financial Results (Standalone & consolidated) of the Company for the first quarter ended on 30th June, 2019.

Information in this regard is also available on the website of the Company i.e. **www.balmerlawrie.com** and on the website of the Stock Exchange(s) i.e. **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com**

**Balmer Lawrie & Co. Ltd.**
**Kavita Bhavsar**
**Company Secretary**
**F4767**

Place: Kolkata
Date: 26th July, 2019

## QUANTUM MUTUAL FUND

Profit with Process

**Investment Manager: Quantum Asset Management Company Private Limited**
7th Floor, Hoechst House, Nariman Point, Mumbai - 400021, India
**Toll Free No.:** 1800-209-3863/1800-22-3863; **Toll Free Fax No.:** 1800-22-3864
**Email:** CustomerCare@QuantumAMC.com; **Website:** www.QuantumMF.com
**CIN:** U65990MH2005PTC156152

**ADDENDUM NO.8/ 2019**

### Notice Cum Addendum

**Cessation of Official Point of Acceptance of Quantum Asset Management Company Private Limited:**

Notice is hereby given to Investors / Unit holders of the schemes of Quantum Mutual Fund to take note that the following location will cease to be the Official Point of Acceptance of Quantum Asset Management Company Private Limited, with effect from July 27, 2019:

| Location | Address |
|---|---|
| Bandra | Moray House, Shop Number 3, Ground Floor, S.V. Road. Opposite Parsi Colony, Bandra (West), Mumbai– 400 050 |

This addendum forms an integral part of the Scheme Information Document and Key Information Memorandum of the Scheme(s) and Statement of Additional Information of Quantum Mutual Fund as amended from time to time.

**For Quantum Asset Management Company Private Limited**
**(Investment Manager – Quantum Mutual Fund)**
**Sd/-**
**Jimmy A Patel**
**Chief Executive Officer**

**Place: Mumbai**
**Date: July 26, 2019**

**Mutual fund investments are subject to market risks read all scheme related documents carefully.**

## MUTUALFUNDS Sahi Hai — UTI Mutual Fund

Haq, ek behtar zindagi ka.

### NOTICE - CUM - ADDENDUM

**Change in Scheme Provisions - UTI Fixed Income Interval Fund – Monthly Interval Plan I & Monthly Interval Plan II**

All the Investors under **Monthly Interval Plan I & Monthly Interval Plan II** of **UTI Fixed Income Interval Fund** are requested to note the following changes being effected in the 'Dividend Policy' of the subject Scheme/Plan, with immediate effect.

| Particulars | Existing | Revised |
|---|---|---|
| Name of the Option | Dividend Sub-Option | Monthly Dividend Sub-Option |
| Para on 'Dividend Sub-option' | Subject to availability of distributable surplus under the Dividend sub-option, dividend will be distributed at such interval/s as may be decided. Under this Payout and Reinvestment facilities are available. | Subject to availability of distributable surplus (as computed in accordance with SEBI Regulations) under Monthly Dividend Sub-option, dividend will be distributed every month based on the record date as may be decided by the competent authority. Under this, Payout and Reinvestment facilities are available. |

All other features, terms and conditions contained in the Scheme Information Document (SID) / Key Information Memorandum (KIM) of the Scheme shall remain unchanged.

This addendum No. 26/2019-20 is an integral part of the SID / KIM of the Scheme and shall be read in conjunction with the SID / KIM.

For UTI Asset Management Company Limited

Sd/-

Authorised Signatory

In case any further information is required, the nearest UTI Financial Centre may please be contacted.

**Mumbai**
**July 26, 2019** **Toll Free No.: 1800 266 1230** **Website: www.utimf.com**

**REGISTERED OFFICE:** UTI Tower, 'Gn' Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai - 400051. Phone: 022 – 66786666. UTI Asset Management Company Ltd. (Investment Manager for UTI Mutual Fund) E-mail: invest@uti.co.in, (CIN-U65991MH2002PLC137867).
For more information, please contact the nearest UTI Financial Centre or your AMFI/NISM certified UTI Mutual Fund Independent Financial Advisor, for a copy of Statement of Additional Information, Scheme Information Document and Key Information Memorandum cum Application Form.

ADD/eng 26.07.19

**Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.**

## Essel MUTUAL FUND

**ESSEL FINANCE AMC LIMITED**
(Formerly Peerless Funds Management Co. Limited)
**Registered and Corporate Office:**
Peerless Mansion, 1, Chowringhee Square, Kolkata-700069
Tel: 033 40185000; Fax: 033 40185010; Toll free no. 1800 103 8999,
Website: **www.esselfinance.com**, email: **mutualfund@esselfinance.com**
CIN: U65990WB2009PLC134537

**NOTICE CUM ADDENDUM (No. 10 of 2019-2020)**

**A. Declaration of Dividend in Essel 3 in 1 Fund:**

**NOTICE** is hereby given that Essel MF Trustee Limited, Trustees to Essel Mutual Fund, have approved declaration of dividend in Essel 3 in 1 Fund, an open ended scheme investing in Debt, Equity and Gold, scheme of Essel Mutual Fund, as per the details given below with record date as August 01, 2019:

| Name of the Scheme | Plan/Option | Quantum of Dividend per unit (Gross of Statutory levy, if any)* | Face value (Per unit) | NAV of Dividend option as on July 25, 2019 (per unit)# |
|---|---|---|---|---|
| Essel 3 In 1 Fund | Regular Plan - Monthly Dividend Option | Rs. 0.1270 | Rs. 10/- | Rs. 16.8753 |
| | Direct Plan - Monthly Dividend Option | Rs. 0.1288 | Rs. 10/- | Rs. 17.1201 |

#PURSUANT TO PAYMENT OF DIVIDEND, THE NAV OF THE DIVIDEND OPTION OF THE ABOVEMENTIONED SCHEME WOULD FALL TO THE EXTENT OF PAYOUT AND STATUTORY LEVY, IF ANY.

*The dividend will be subject to the availability of distributable surplus under the schemes and may be lower to the extent of distributable surplus available on the Record Date.

Dividend will be paid to those unit holders whose names appear in the records of the Registrar as at the close of business on the record date. For units in dematerialized form, all unit holders whose names appear in the beneficiary position file downloaded from the depositories as on the record date will be entitled to receive the dividend. Please note that in case the aforesaid Record Date falls on a non-business day, the next business day would be considered as the Record Date.

**B. Discontinuation of Official Point of Acceptance ("OPA") at Jaipur AMC Branch Office**

Investors / unit holders are advised to take note of the discontinuation of Official Point of Acceptance at Jaipur AMC Branch Office located at 101-102, First Floor, City Pearl, Vidhayak Puri road, Opp. Gangaur Hotel, Jaipur-302001 with immediate effect.

This notice-cum-addendum forms an integral part of the SID and KIM of the schemes of Essel Mutual Fund.

All other terms and conditions of the SID and KIM of the schemes of the Mutual Fund shall remain unchanged.:

**For Essel Finance AMC Limited**
**{Formerly Peerless Funds Management Co. Limited}**
**(Investment Manager to Essel Mutual Fund)**
**{Formerly Peerless Mutual Fund}**
**Sd/-**
**Authorized Signatory**

**Place:** Mumbai
**Date:** July 26, 2019

***MUTUAL FUND INVESTMENTS ARE SUBJECT TO MARKET RISKS, READ ALL SCHEME RELATED DOCUMENTS CAREFULLY.***

## RELIANCE MUTUAL FUND

Wealth Sets You Free
Sponsors: Reliance Capital, Nippon Life Insurance Company — NISSAY

**RELIANCE NIPPON LIFE ASSET MANAGEMENT LIMITED**
(CIN - L65910MH1995PLC220793)
**Registered Office:** Reliance Centre, 7th Floor, South Wing, Off Western Express Highway, Santacruz (East), Mumbai - 400 055.
Tel No. +91 022 3303 1000 • Fax No. +91 022 3303 7662 • www.reliancemutual.com

**NOTICE CUM ADDENDUM NO. 48**

**Change in Designated Investor Service Centre (DISC)**

Investors are requested to note that existing DISC of Reliance Nippon Life Asset Management Ltd. situated at Office No 304, Shape Arcade, Haribhau Marg, 116, Freeganj, Ujjain - 456001 shall be shifted to Office No 21, 1st Floor, Akshay Tower, beside Karnataka Bank, Shanku Marg, Freeganj, Ujjain - 456001 with effect from July 29, 2019.

This addendum forms an integral part of the Statement of Additional Information, Scheme Information Document(s) and Key Information Memorandum(s) of the Schemes of Reliance Mutual Fund, read with the addenda issued from time to time.

**For RELIANCE NIPPON LIFE ASSET MANAGEMENT LIMITED**
(Asset Management Company for RELIANCE MUTUAL FUND)
Sd/-
**Authorised Signatory**

**Mumbai**
**July 26, 2019**

**Make even idle money work!**
**Invest in Mutual Funds**

**Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.**

MUTUAL FUNDS Sahi Hai

## ICICI Prudential Asset Management Company Limited

ICICI PRUDENTIAL MUTUAL FUND — TARAKKI KAREIN!
**Corporate Identity Number:** U99999DL1993PLC054135

**Registered Office:** 12th Floor, Narain Manzil, 23, Barakhamba Road, New Delhi - 110 001.
**Corporate Office:** One BKC, 13th Floor, Bandra Kurla Complex, Mumbai - 400 051.
Tel.: +91 22 2652 5000, Fax: +91 22 2652 8100, Website: www.iciciprumf.com,
Email id: enquiry@icicipruamc.com
**Central Service Office:** 2nd Floor, Block B-2, Nirlon Knowledge Park, Western Express Highway, Goregaon (E), Mumbai - 400 063. Tel.: 022 2685 2000 Fax: 022 26868313

**Notice-cum-addendum to Scheme Information Document (SID)/Key Information Memorandum (KIM) of the schemes of ICICI Prudential Mutual Fund (the Fund)**

Notice is hereby given that provisions pertaining to 'Tax Status of the investor' appearing in the SIDs/KIMs of the schemes of the Fund stand modified as follows:

For all fresh purchases, the AMC reserves the right to update the tax status of investors, on best effort basis, on the basis of Permanent Account Number/Bank Account details or such other information of the investor available with the AMC for the purpose of determining the tax status of the investor. The AMC shall not be responsible for any claims made by the investor/third party on account of updation of tax status.

Investors are requested to take a note of the above change.

**For ICICI Prudential Asset Management Company Limited**
Sd/-
**Authorised Signatory**

Place: Mumbai
Date : July 26, 2019
*No. 022/07/2019*

**To know more, call 1800 222 999/1800 200 6666 or visit www.iciciprumf.com**

As part of the Go Green Initiative, investors are encouraged to register/update their e-mail id and mobile number with us to support paper-less communications.

To increase awareness about Mutual Funds, we regularly conduct Investor Awareness Programs across the country. To know more about it, please visit https://www.iciciprumf.com or visit AMFI's website https://www.amfiindia.com

**Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.**

## LT Foods Ltd.

DAAWAT

**Regd. Office: Unit - 134, 1st Floor, Rectangle – 1, Saket District Centre, New Delhi-110017**
**Corporate Office: MVL-I Park, 4th Floor, Sector-15, Gurugram-122001, Haryana.**
**T-0124-3055100, Fax 0124-3055199. Email Id: ir@ltgroup.in Website: www.ltgroup.in**
**CIN NO L74899DL1990PLC041790**

**NOTICE**

Notice is hereby given pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the Securities Exchange Board of India (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 that a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Thursday, the 08th August, 2019 at 04:00 pm at the Corporate Office of the Company at 4th Floor, MVL-I Park, Sector-15, Gurugram-122001 to inter alia, consider, approve and take on record the unaudited Financial Results of the Company for the quarter ended 30th June, 2019.

The notice is also available on the website of the Company www.ltgroup.in and also on the website of the stock exchanges www.nseindia.com and www.bseindia.com.

Pursuant to SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015, the trading window for dealing in securities of the Company which is closed since 01st July, 2019 shall remain closed till Saturday, 10th August, 2019.

Accordingly, all Directors, Designated employees, Insiders and their immediate relatives are being intimated not to enter into any transaction involving the securities of the Company during the aforesaid period of closure of trading window.

Equity Shareholders of the Company are invited to send their questions, if any, to be discussed with the Board in their ensuing meeting in word file to ir@ltgroup.in along with your name, address, Folio No./DP ID and Client ID along with number of shares held.

**By Order of the Board**
**For LT Foods Limited**
**Monika Chawla Jaggia**
**Company Secretary**
**Membership No. F5150**

**Place: Gurugram**
**Date: 27-07-19**

## MARUTI SUZUKI INDIA LIMITED

MARUTI SUZUKI

Registered Office: Plot No.1, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj, New Delhi - 110070
CIN: L34103DL1981PLC011375; Website: www.marutisuzuki.com; E-mail: investor@maruti.co.in; Phone: + 91-11-46781000; Fax: +91-11-46150275/76

**INR in million, except per share data**

**Extract of standalone and consolidated financial results of Maruti Suzuki India Limited for the quarter ended 30th June, 2019**

| Sl. No. | Particulars | Standalone | | | | Consolidated | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended | | | Year ended | Quarter ended | | | Year ended |
| | | 30th June, 2019 | 31st March, 2019 | 30th June, 2018 | 31st March, 2019 | 30th June, 2019 | 31st March, 2019 | 30th June, 2018 | 31st March, 2019 |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| 1 | Total Income from Operations | 197,198 | 214,594 | 224,594 | 860,203 | 197,326 | 214,732 | 224,708 | 860,685 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary Items) | 19,109 | 23,121 | 28,824 | 104,656 | 18,530 | 23,538 | 29,224 | 106,238 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, after Exceptional and / or Extraordinary Items) | 19,109 | 23,121 | 28,824 | 104,656 | 18,530 | 23,538 | 29,224 | 106,238 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after Tax (after Exceptional and / or Extraordinary Items) | 14,355 | 17,956 | 19,753 | 75,006 | 13,768 | 18,300 | 20,151 | 76,506 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 12,661 | 18,328 | 19,606 | 72,976 | 12,074 | 18,671 | 20,004 | 74,476 |
| 6 | Equity Share Capital | 1,510 | 1,510 | 1,510 | 1,510 | 1,510 | 1,510 | 1,510 | 1,510 |
| 7 | Earnings Per Share (of INR 5 each) (for continuing and discontinued operations) | | | | | | | | |
| | (a) Basic | 47.52 | 59.44 | 65.39 | 248.30 | 45.58 | 60.58 | 66.71 | 253.26 |
| | (b) Diluted | 47.52 | 59.44 | 65.39 | 248.30 | 45.58 | 60.58 | 66.71 | 253.26 |

Note: The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results for the quarter ended 30th June 2019 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of standalone and consolidated financial results for the quarter ended 30th June 2019 are available on the websites of BSE and NSE at www.bseindia.com and www.nseindia.com and on Company's website at www.marutisuzuki.com.

**For and on behalf of Board of Directors**

**(Kenichi Ayukawa)**
**Managing Director & CEO**

**New Delhi**
**26th July, 2019**

